من هو النَّبيُّ ﷺ وماذا علَّمنا ؟

नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम कौन हैं, और आप ने हमें क्या शिक्षा दी है?

Language:	अरबी - हिंदी	العربيَّة - الهندية	اللُّغة:
Targeted areas:	भारत एवं नेपाल	الهند والنيبال	المناطق المُستهدفة باللُّغة:
Translated by:	साबिर हुसैन	صابر حسين	ترجمة:
Revised by:	सुन्नत संस्थान का वैज्ञानिक विभाग	القسم العلمي بمعهد السنة	مراجعة:
Supervisor:	डॉक्टर हैसम सरहान	د. هيثم سرحان	إشراف:
Edition & Year:	प्रथम –१४४३ हिजरी	الأولى - ١٤٤٣هـ	النسخة والسَّنة:

الطَّبعة الأولى

الحقوق متاحة لكلِّ مسلمٍ ومسلمةٍ

الرَّجاء التَّواصل على: islamtorrent@gmail.com

فسح وزارة الإعلام

₵

من هو النَّبيُّ محمَّدٌ ﷺ، وماذا علَّمنا؟

هو الَّذي دافع عن حقوق كلِّ البشر ـ منذ ١٤٠٠ عامٍ.

حفظ الرِّجال، والنِّساء، والصِّغار والضُّعفاء.

حفظ حقوق الحيوان والنَّبات، وحثَّ على الاعتناء بالأرض.

أمرنا بحسن الخلق، ونظَّم العلاقة بين الأقارب والجيران.

وأسَّس علاقة تعايشٍ بين المسلمين وغير المسلمين.

ونظَّم العلاقات الأسريَّة الَّتي تضمن للأب وللأمِّ حقوقًا كبيرةً وعظيمةً على أبنائهم.

منع الظُّلم، ودعا للعدل والمحبَّة والتَّكاتف والتَّعاون للخير.

دعا لمساعدة المُحتاج، وزيارة المريض، والمحبَّة، والتَّناصح بين كلِّ النَّاس.

منع على المسلمين المعاملات السَّيِّئة مثل السَّرقة والغشِّ والقتل والظُّلم.

नबी मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम कौन हैं, और आप ने हमें क्या शिक्षा दी है ?

आप वह हैं जिन्होंने १४०० साल पहले सभी मनुष्यों के अधिकारों की रक्षा की थी।

उन्होंने पुरुषों, महिलाओं, बच्चों और कमजोरों के अधिकारों की रक्षा की।

उन्होंने जानवरों और पर्यावरण के अधिकारों की रक्षा की और पृथ्वी की उचित देखभाल करने को प्रोत्साहित किया।

उन्होंने हमें अच्छे व्यवहार करने का आदेश दिया; उन्होंने रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बीच अच्छे संबंधों को बढ़ावा दिया।

उन्होंने मुसलमानों और गैर-मुस्लिमों के बीच सह-अस्तित्व का संबंध स्थापित किया।

उन्होंने पारिवारिक संबंधों को बढ़ावा दिया और उन्हें संरचित किया जो बच्चों पर माता-पिता के महान और महत्वपूर्ण अधिकारों की गारंटी देता है।

उन्होंने अन्याय को रोका और न्याय, प्रेम, एकजुटता और भलाई के लिए सहयोग का आह्वान किया।

उन्होंने जरूरतमंदों की मदद करने, बीमारों से मिलने और सभी लोगों से प्यार करने और एक-दूसरे को अच्छी सलाह देने का आह्वान किया।

उन्होंने मुसलमानों को चोरी, धोखाधड़ी, हत्या और उत्पीड़न जैसे बुरे व्यवहार से मना किया।

إنَّه مَن غيَّر حياتنا وطباعنا السَّيِّئة إلى حسنةٍ.

उन्होंने हमारे बुरे जीवन और दुष्ट आचरण व आदतों को अच्छाई में बदल दिया।

علَّم المسلم أن لا يسرق.

उन्होंने मुसलमानों को चोरी न करना सिखाया।

علَّم المسلم أن لا يكذب.

उन्होंने मुसलमानों को झूठ नहीं बोलना सिखाया।

علَّم المسلم أن لا يشرب الخمر.

उन्होंने मुसलमानों को शराब न पीने की शिक्षा दी।

علَّم المسلم أن لا يزني.

उन्होंने मुसलमानों को व्यभिचार न करने की शिक्षा दी।

علَّم المسلم أن لا يغُشَّ.

उन्होंने मुसलमानों को धोखा न देना सिखाया।

علَّم المسلم أن لا يقاتل الأبرياء.

उन्होंने मुसलमानों को सिखाया कि वे निर्दोष लोगों से न लड़ें।

علَّم المسلم أن لا يؤذي جاره؛ مسلمًا كان أو كافرًا.

उन्होंने मुसलमानों को सिखाया कि वे अपने पड़ोसियों को नुकसान न पहुँचाएँ, चाहे वे मुस्लिम हों अथवा ग़ैर-मुस्लिम।

علَّم المسلم أن يبرَّ بوالديه، ويخدمهما ولو كانا على غير دينه.

उन्होंने मुसलमानों को अपने माता-पिता के प्रति दयालु होना और उनकी सेवा करना सिखाया, भले ही वे उसके धर्म के न हों।

علَّم المسلم أن يعطف على الصِّغار، وعلى النِّساء، وعلى الضُّعفاء وكبار السِّنِّ.

उन्होंने मुसलमानों को बच्चों, महिलाओं, कमजोरों और बुजुर्गों के प्रति दयालु होना सिखाया।

علَّم المسلم أن لا يعذِّب البشر، ولا الحيوانات، ولا يفسد البيئة.

उन्होंने मुसलमानों को सिखाया कि वे किसी भी इंसान या जानवर को पीड़ा न दें और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाएं।

علَّم المسلم أن يرحم ويحبَّ زوجته، ويهتمَّ ويعطف على أبنائه، حتَّى آخر يومٍ من عمره.

उन्होंने मुसलमानों को अपने जीवन के अंतिम दिन तक अपनी पत्नी पर दया करना और प्यार करना एवं अपने बच्चों की देखभाल करना और सहानुभूति रखना सिखाया।

علَّم المسلم أن لا تنتهي علاقته بأولاده بعد سنِّ الرُّشد أبدًا.

उन्होंने मुसलमानों को सिखाया कि वयस्क होने के बाद भी बच्चों के साथ अपना संबंध कदापि समाप्त न करें।

كلُّ مسلمٍ يحبُّ محمَّدًا ﷺ أكثر من كلِّ مخلوقٍ.

प्रत्येक मुसलमान मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से हर प्राणी की तुलना में अधिक प्यार करता है।

بشَّر به موسى وعيسى ث.

मूसा और ईसा अलैहिमस्सलाम ने आप के आने की शुभ-सूचना दी थी।

كلُّ مسلمٍ يحبُّ موسى وعيسى ث، ويؤمن أنَّهما من أفضل الأنبياء و.

हर मुसलमान मूसा और ईसा अलैहमस्सलाम से प्यार करता है, और उनका मानना है कि वे सबसे अच्छे नबियों में से हैं, उन सभी पर शांति हो।

بعث مُحَمَّدًا ﷺ للعرب وغير العرب.

पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम को अरब और गैर-अरब सभी के लिये भेजा गया था।

ولا فرق في دينه بين عربيٍّ وغير عربيٍّ إلَّا بالتَّقوى.

उनके लाये हुये धर्म में एक अरब और एक गैर-अरब के बीच धर्मपरायणता के अलावा कोई अंतर नहीं है।

إنَّه محمَّدٌ رسول الله ﷺ.

निःसंदेह, वह अल्लाह के रसूल (दूत) मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम हैं।

هل عرفتم لماذا يحبُّ كلُّ المسلمين محمَّدًا ﷺ؟

क्या अब आप जानते हैं कि सभी मुसलमान मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से प्यार क्यों करते हैं?

هل عرفتم ماذا يعني محمَّدٌ ﷺ للمسلمين؟

क्या अब आप जानते हैं कि मुसलमानों के लिए मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम का क्या अर्थ है?

للمزيد من المعلومات عن نبيِّ الله محمَّدٍ ﷺ وتعاليمه، يُرجى زيارة:

अल्लाह के पैगंबर मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया देखें: